हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 बारिश भी नहीं रोक सकी कदम, जन्मदिन...



07 सीएम राइज विद्यालय में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



खबर संक्षेप

अक्षय कुमार तेम्रवाल को विदिशा कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार

विदिशा। विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता 7 से 11 सितंबर तक 5 दिन के अर्जित अवकाश स्वीकृत होने



पर राज्य शासन द्वारा कलेक्टर विदिशा का अतिरिक्त प्रभार अक्षय कुमार तेम्रवाल अपर आयुक्त नगरपालिक निगम भोपाल को दिया गया है। तेम्रवाल कलेक्टर अंशुल गुप्ता के अवकाश पर रहने की अवधि में कलेक्टर विदिशा के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

ईडब्ल्यूएस अधिकारों के लिए मशाल यात्रा आज

विदिशा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अधिकारों को लेकर ईडब्ल्यूएस क्रांति के जनक अनुराग प्रताप सिंह राघव के नेतृत्व में आज रविवार शाम 6 बजे में मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा अभियान का पांचवां पड़ाव है। आयोजकों के अनुसार 20 सूत्रीय मांगों को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इनमें ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने, मकान-जमीन संबंधी बाध्यताएं समाप्त करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में अतिरिक्त अवसर व आयु सीमा में छूट, छात्रवृत्ति और फीस में राहत तथा स्वर्ण आयोग के गठन की मांग प्रमुख है। यात्रा जिला अध्यक्ष पिंटू बना के नेतृत्व में होगी।

जिला अस्पताल में लगेगा निशुल्क शिविर

विदिशा। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 8 सितंबर को जिला अस्पताल में निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष के वैश्विक विषय 'हृदय रोग एवं बचाव, स्ट्रोक और फिजियोथेरेपी' के तहत मरीजों को लकवा (स्ट्रोक) और हार्ट अटैक के बाद होने वाली कमजोरी से बचाव व उपचार की जानकारी दी जाएगी। शिविर में आधुनिक मशीनों से इलेक्ट्रोथेरेपी और एक्सरसाइज थेरेपी की सुविधा मिलेगी। विशेषज्ञ मरीजों को सुरक्षित व्यायाम, सक्रिय जीवनशैली और भविष्य की शारीरिक जटिलताओं से बचाव के उपाय बताएंगे। चलने-फिरने में परेशानी या पुराने दर्द से पीड़ित लोग शिविर का लाभ ले सकते हैं।

पंचामृत अभिषेक के साथ मनाया जन्मोत्सव

विदिशा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खाटू श्याम मंदिर में महा महोत्सव का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भोपाल की गायिका माधुरी निरवाड़े सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात लड्डू गोपाल का पंचामृत अभिषेक कर विधि-विधान से जन्मोत्सव मनाया गया। घनश्याम बंसल ने एसडीएम का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

कुरवाई। जनपद पंचायत कुरवाई की सामान्य सभा की बैठक हुई। 16वें वित्त आयोग की कार्ययोजना को लेकर जारी निर्देशों विद्युत विभाग की योजनाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के निर्माण और प्रस्तावित सड़कों की जानकारी दी की। बैठक में जनपद अध्यक्ष ममता महाराज सिंह दांगी, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, सीईओ आयुष अग्रवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शपथ-विधि समारोह आज

विदिशा। लायंस क्लब आनंदपुर सदगुरू द्वारा लायंस इंटरनेशनल वर्ष 2026-27 के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष हेमांगी कोठारी एवं पदाधिकारियों का पदस्थापना व शपथ-विधि समारोह आज सुबह 11 बजे ब्लू लगून लैंडमार्क टावर सांची रोड पर होगा। चार्टर प्रेसिडेंट रवि उपाध्याय ने बताया कि संस्थापन अधिकारी प्रकाश सेठ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। मुख्य अतिथि व वक्ता अतुल शाह होंगे। विशेष अतिथि शशांक भार्गव और डॉ. आरती शर्मा रहेंगी।

आज भारी बारिश का अलर्ट: तीन दिन से हो रही बारिश ने बढ़ाया जलस्तर

हलाली 78.48% भरा, नदी-घाटों पर अलर्ट बेतवा का जलस्तर 1352.70 फीट पर पहुंचा

- नदी नालों का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में मानसून एक बार फिर मेहरबान है। गुरुवार सुबह से शुरू हुआ रिमझिम बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। रातभर रुक-रुककर बारिश होती रही और शनिवार सुबह शहर सहित जिले के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला बना रहा। लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान करीब 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को जिले में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

शमशाबाद में सबसे ज्यादा 45 मिमी बारिश

पिछले 24 घंटे में जिले में औसत 26.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। शमशाबाद में सबसे ज्यादा 45 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा नटेरन और पठारी में 36-36 मिमी, विदिशा में 28 मिमी, गुलाबगंज में 25 मिमी, लटेरी में 23.2 मिमी, ग्यारसपुर में 20 मिमी, बासोदा में 18.4 मिमी, सिरोंज में 15 मिमी और कुरवाई में 14.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। भदभदा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण बेतवा नदी सहित आसपास के जलस्रोतों का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन सतर्क है। नदी और घाटों पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिले में अब तक कुल 526 मिमी बारिश दर्ज होने की जानकारी है।

प्रशासन की चेतावनी: संकेतों और बैरिकेडिंग का पालन करें



विदिशा। शनिवार को भी दिनभर रुक रुककर बारिश का सिलसिला चलता रहा। दोपहर बाद कहीं जाकर बारिश थमी।

प्रशासन ने नदी-घाटों से दूर रहने की अपील की: प्रशासन ने लोगों से नदी, घाट और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। लोगों को तेज बहाव वाले पानी में जाने और नदी में स्नान करने से बचने की सलाह दी गई है। बच्चों और बुजुर्गों को नदी-घाटों के पास अकेले नहीं जाने देने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से चेतावनी संकेतों और बैरिकेडिंग का पालन करने की अपील की है। साथ ही, जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी गई है। जिले में इस साल बारिश का आंकड़ा अभी पिछले साल की तुलना में कम है। 1 जून से अब तक 709 .9 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1070 .7 मिमी बारिश हुई थी। यानी इस साल पिछले साल की तुलना में करीब 360 .8 मिमी कम बारिश हुई है। जिले की सामान्य वार्षिक बारिश 1075 .50 मिमी है।

बेतवा नदी का जलस्तर 1352.70 फीट पहुंचा

लगातार बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से आ रहे पानी के कारण बेतवा नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। मुखर्जी पार्क स्थित गेज के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे नदी का जलस्तर 1352 .70 फीट दर्ज किया गया। नदी का सामान्य बेड लेवल 1343 फीट है, जबकि खतरे का स्तर 1373 .64 फीट निर्धारित है। इस हिसाब से बेतवा नदी अभी खतरे के निशान से करीब 20 .94 फीट नीचे है। इस साल पिछले साल की तुलना में करीब 360 .8 मिमी कम बारिश हुई है।

इस साल पिछले साल की तुलना में करीब 360 .8 मिमी कम बारिश हुई है। बारिश का असर जिले के जलस्रोतों पर भी दिखाई दे रहा है। सम्राट अशोक सागर बांध का जलस्तर शनिवार सुबह 8 बजे 458 .60 मीटर दर्ज किया गया। बांध में 197 .879 एमसीएम पानी है और यह अपनी कुल क्षमता का 78 .48% भर चुका है। पिछले 24 घंटे में बांध क्षेत्र में 15 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले में अब तक कुल 526 मिमी बारिश दर्ज होने की जानकारी है।

शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में स्टेट बैंक ने किया शिक्षकों का सम्मान



विदिशा। शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक विदिशा मुख्य शाखा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, विदिशा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक वीरेंद्र सिंह तोमर एवं स्टाफ सदस्य संजय साहू और शुभम पाटिल ने विद्यालय के प्राचार्य श्री के सिंह सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक श्री तोमर ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग और साइबर सुरक्षा को लेकर सावधानियों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। आयोजन में बैंक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान और पुष्पवर्षा कर तिलक लगाया, भेंट किए पेन

ग्यारसपुर। पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। ग्यारसपुर, अटारी खेजड़ा और खंदा सहित विभिन्न स्थानों पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए गए। विन टेक अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल ग्यारसपुर, पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल अटारी खेजड़ा और न्यू विन टेक अकादमी में शिक्षकों पर पुष्पवर्षा कर तिलक लगाया गया तथा पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं कुशवाहा महासभा एवं कुशवाहा धर्मशाला में शिक्षकों को शॉल-श्रीफल भेंट किए गए। खंदा स्कूल में विद्यार्थियों को कॉपी एवं ट्रॉफी वितरित की गई। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव हैं। वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में महेंद्र रघुवंशी, प्रीति शंकर दयाल शर्मा, संजीव सोनी, बाबूलाल कुशवाह, भगवान सिंह कुशवाह, नंदराम कुशवाह, मनीराम कुशवाह सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।



चित्रांश शिक्षाविद सम्मान समारोह आज शाम 4 बजे 80 शिक्षकों का होगा सम्मान

विदिशा। कायस्थ सभा विदिशा द्वारा कायस्थ गौरव चित्रांश शिक्षाविद सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में किया जाएगा। कार्यक्रम में कायस्थ समाज के सेवानिवृत्त शिक्षक, प्राध्यापक, शैक्षणिक संस्थान संचालक, कोचिंग संचालक एवं निजी स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि सभी श्रेणी के 80 पंजीकृत शिक्षाविद सम्मानित किए जाएंगे।

ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने किया शिक्षकों का सम्मान

गुरु का सम्मान एक दिन नहीं, हमेशा हो



विदिशा। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने भी गुरुजनों को फूल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रति विद्यार्थियों का स्नेह और सम्मान दिखाई दिया। ब्रह्माकुमारी आश्रम की रेखा दीदी ने कहा कि गुरु का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। शिक्षक युवा पीढ़ी को नई दिशा और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है। शिक्षक विद्यार्थियों को सही-गलत का अंतर समझाकर जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाते हैं। विद्यालय प्राचार्य खजान सिंह ने बताया कि शिक्षक दिवस पर विभिन्न संगठनों की ओर से भी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

आंगनबाड़ियों में छाई कृष्णमय छटा, 9540 बच्चों ने लिया भाग

नन्हे-मुन्नो ने कृष्ण वेशभूषा में सजकर मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिले की आंगनबाड़ियों में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कहीं बच्चे कान्हा के रूप में बांसुरी बजाते नजर आए तो कहीं सिर पर मोर मुकुट और पीतांबर धारण किए बाल स्वरूप में आकर्षण का केंद्र बने। जिले में जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण वेशभूषा कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर किया गया। जिले की कुल 9 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित 2385 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2140 आंगनबाड़ी केंद्रों पर कृष्ण वेशभूषा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन केंद्रों में 9540 बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में शामिल होकर पर्व की खुशियां मनाईं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं और जन्माष्टमी पर्व के महत्व की जानकारी भी दी गई। बच्चों ने कृष्ण भजनों एवं गीतों के बीच उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आंगनबाड़ी केंद्रों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे केंद्रों पर उत्सव जैसा वातावरण नजर आया।

सेंट्रल टेबल में छिपाकर रखा था 480 ग्राम गांजा, शमशाबाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक मकान से 480 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को मानस हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिली थी कि मेला ग्राउंड रोड स्थित एक मकान में गांजा बेचने का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मकान की तलाशी ली। इस दौरान कमरे में रखी सेंट्रल टेबल के अंदर छिपाकर रखा 480 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपए है। पुलिस ने गांजा विधिवत जब्त कर आरोपी जितेंद्र उर्फ निरपाल सिंह तोमर (53) निवासी मेला ग्राउंड रोड, शमशाबाद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई एसपी के निर्देशन में की गई।



विदिशा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मकान में दबिश देकर कार्रवाई की।

सब्जी मंडी में सांड भिड़े, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सब्जी मंडी में दो सांड आपस में भिड़ गए। करीब 10 मिनट तक चली इस लड़ाई के दौरान मंडी में अफरा-तफरी मच गई। सांडों ने रास्ते में लगी सब्जी और फल की कई दुकानों तहस नहस कर दिया। वहीं आसपास खड़े दोपहिया वाहन भी गिरा दिए। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि मंडी में इस तरह की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। उन्होंने नगर पालिका से आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित जगह पहुंचाने की मांग की है। शहर में आवारा मवेशियों से परेशानी का यह पहला मामला नहीं है। दो दिन पहले रॉयल सिटी में भी दो सांडों की लड़ाई में कई वाहन खराब हो गए थे। इसके अलावा, कुछ दिन पहले गल्ला मंडी और काछी मोहल्ले में भी सांडों की लड़ाई के दौरान कई दोपहिया वाहन खराब हुए थे। एक बच्चा भी सांडों की लड़ाई की चपेट में आने से बाल-बाल बचा था।

हमला भी कर चुके हैं सांड

अरिहंत विहार कॉलोनी में भी सांड के हमले की घटना सामने आ चुकी है। यहां सुबह वॉक कर रहे एक बुजुर्ग पर सांड ने हमला कर दिया था, जिससे उन्हें चोट आई थी। इस घटना के बाद कॉलोनी के बुजुर्गों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पहले वे सुबह-शाम नियमित रूप से घूमने निकलते थे, लेकिन सड़कों पर घूमते सांडों के कारण अब उन्होंने बाहर निकलना कम कर दिया है। शहर के लोगों का कहना है कि आवारा मवेशियों की समस्या सिर्फ ट्रैफिक तक सीमित नहीं है, बल्कि अब लोग भी सुरक्षित नहीं हैं।

चल समारोह में उमड़ा सैलाब जयकारों से गूंजा शमशाबाद

कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



शमशाबाद। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर यादव समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। नसरतगढ़ से शुरू हुआ यह समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ बाबा रामदेव मंदिर पहुंचा, जहां भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ आयोजन का समापन हुआ। चल समारोह में पांच डीजे, बैंड-बाजे, लहंगी और अखाड़े विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ओपन मंच पर कलाकारों ने रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। फूल मालाओं से सजे विशेष रथ में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। झांकी के साथ चल रहे युवा हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। विधायक सूर्यप्रकाश मीना एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और झांकी का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

कुरवाई में गांव-गांव पहुंची कलश वंदन यात्रा

कुरवाई। संत रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के तहत समरसता संकल्प अभियान की कलश वंदन यात्रा कुरवाई विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंची। विधायक हरि सिंह सप्रे सहित संतजनों ने ग्रामीणों को समानता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान संत रविदास जी की जन्मस्थली से लाई गई पावन मिट्टी के कलश को श्रद्धापूर्वक सिर पर धारण कर ग्रामों में भ्रमण किया गया।

जन्माष्टमी पर द्वारिकाधीश मंदिर में दधिखाना महोत्सव

कृष्ण के जयघोष से गूंजा बालाजी मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जन्माष्टमी के बाद भाद्रपद कृष्ण नवमी के अवसर पर शनिवार को किले के अंदर स्थित प्राचीन मंदिरों में दधिखाना महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन की शुरुआत श्री द्वारिकाधीश मंदिर में दधि-कलश और मटकी छेदन से हुई। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

द्वारिकाधीश मंदिर से श्रद्धालुओं की शोभायात्रा धर्माधिकारी कार्यालय स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची। यहां भजन-कीर्तन के साथ 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' सहित भक्ति गीत गाए गए और श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव की बधाई दी गई।



सत्यनारायण मंदिर और बालाजी मंदिर में भी आयोजन: इसके बाद कीर्तन मंडली कार्तिक चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर और श्री लक्ष्मी व्यंकटेश बालाजी मंदिर पहुंची। दोनों मंदिरों में बधाई गीतों के साथ मटकी छेदन की परंपरा निभाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5800
सरसों
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-7322
चना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6065
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5950
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3070
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2613
उच्चतम भाव-2622
बटरी
न्यूनतम भाव-2410
उच्चतम भाव-3500
मूंग
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6940

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 667 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

तिवारी हुए सम्मानि



गंजबासौदा। रजोदा स्थित नवीन न्यायालय में अभिभाषक कक्ष का भूमिपूजन हाईकोर्ट के पांच न्यायमूर्तियों के द्वारा किया गया। इस दौरान न्यायाधीशगणों ने प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले अभिभाषकों का सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक राजेश तिवारी का राष्ट्रीय स्तर पर विश्व हिंदू परिषद का कार्य करने और रक्त सेवा समिति के संस्थापक होने पर एवं समिति द्वारा रक्त सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर न्यायमूर्तियों द्वारा सम्मान किया गया।

नपा सफाई अमले ने की साफ, सफाई



गंजबासौदा। शनिवार को नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा के आदेश अनुसार सुदामा प्रभारी दरोगा, विनोद कुमार प्रभारी मेट की मौजूदगी में नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित जनसुविधा केन्द्र , वार्ड क्रमांक 10 जयस्तंभ चौक एवं वार्ड क्रमांक 11 कन्या मंडी शाला के पास स्थित जनसुविधा केन्द्र की सफाई नपा के सफाई कर्मियों द्वारा कराई गई।

बारिश भी नहीं रोक सकी कदम, जन्मदिन पर किया पौधरोपण

गंजहरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश के बीच भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित 'पंचतत्व संरक्षण समिति' के पौधे लगाने का अभियान जारी है। शुक्रवार को समिति के सदस्यों ने रिमझिम बारिश के बीच चीकू, मधुकामिनी और रात रानी के पौधों का रोपण किया। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व संरक्षण समिति न केवल पौधारोपण करती है, बल्कि लोगों को निःशुल्क पौधे वितरित कर पर्यावरण के प्रति जागरूक भी करती है। इसी क्रम में समिति ने पांच दिन पूर्व ग्राम बैतौली निवासी इमरत सिंह राजपूत को उनकी मंडी समिति से सेवानिवृत्ति के अवसर पर निःशुल्क पौधे भेंट किए थे और उनके संरक्षण की शपथ दिलाई थी। उस समय इमरत सिंह ने समिति के सदस्यों के साथ स्वयं पौधा लगाने की इच्छा व्यक्त की थी। शुक्रवार को अपने जन्मदिन के खास मौके पर इमरत सिंह राजपूत ने पंचतत्व समिति के पदाधिकारियों और अपने परिजनों के साथ मिलकर इन पौधों को रोपकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

उन्होंने अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए सिर्फ पौधे ही नहीं लगाए, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक बचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर इमरत सिंह के पिता वरिष्ठ एडवोकेट राम सिंह राजपूत, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, सचिव प्रमोद सिंह राजपूत, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र व्यास, विजय अग्रवाल, यशपाल यादव सहित ब्रजेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, संदीप सिंह, सूरज सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थितों ने इमरत सिंह राजपूत को जन्मदिन की बधाई देते हुए समिति के इस कार्य की सराहना की।

नंदी को जेसीबी की मदद से नाले से बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को सावरकर चौक स्थित उमंग भोजनालय के पीछे मनकामेश्वर मंदिर के पास नाले में काले रंग का नंदी गिर गया था। काफी प्रयास के बाद भी नंदी स्वयं नाले से बाहर नहीं निकल पाया। इसकी जानकारी आम नागरिकों सहित गौरक्षक सेना एवं सनातन रक्षक सेना के सदस्यों को मिली। सूचना मिलते ही गौ रक्षक मौके पर पहुंचे और बारिश के दौरान नाले में फंसे नंदी को नगरपालिका की जेसीबी की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया।

न्यायमूर्तियों ने किया कक्ष का भूमिपूजन व अधिवक्ताओं का सम्मान

डिजिटल और एआई को लेकर सभी तैयार रहें: न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गंजबासौदा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान गौरव की बात है, यह परंपरा अब खत्म होती दिख रही है। नए वकील स्वयं पैरवी करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आधे अधूरे ज्ञान से वे सफल नहीं हो पाते। मेरी सलाह है कि वे एक दो वर्ष सीनियर से ज्ञान लें मात्र किताबों को पढ़ने से ज्ञान नहीं मिलेगा। उक्त बात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने नवीन न्यायालय प्रांगण में अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित अधिवक्ता कक्ष के भूमि पूजन एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डीडी बंसल, मिलिंद रमेश फड़के, आनंद सिंह बहरावत, अजय कुमार निरंकारी एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा शेख सलीम और मप्र स्टेट बार काउंसिल के सदस्य जयप्रकाश मिश्रा भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अमान सिंह राजपूत द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने न्यायालय परिसर में बनने वाले अतिरिक्त अभिभाषक कक्ष का भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने कहा कि आज डिजिटल और एआई का जमाना है। आने वाले समय में न्यायालय पेपरलेस होंगे इसलिए अभी से प्रयास करना चाहिए कि इसमें भी दक्षता हासिल करें। पूरे देश में मप्र इकलौता ऐसा राज्य है जिसने कोविड के समय डिजिटाइजेशन में महत्वपूर्ण पात्र अदा किया है। वर्चुअल के माध्यम से जोड़कर लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराया है। आज भी प्रदेश में न्याय व्यवस्था डिजिटल और इंटेलिजेंस तकनीकी के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रही है। युवा अधिवक्ताओं से उन्होंने कहा कि न्यायिक क्षेत्र का कार्य चुनौती पूर्ण है, लेकिन कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। न्यायमूर्ति श्री मिश्रा ने न्यायालय परिसरों की स्वच्छता पर भी जोर दिया। उन्होंने अपने परिवार और अपने शहर से जुड़े संस्मरण भी सुनाए।

कार्यक्रम में संपूर्ण जिले के न्यायाधीश एवं सभी अधिवक्ताओं सहित अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष डीपी किरार, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन, ,सहसचिव सौरभ सक्सेना, पुस्तकालय सचिव अर्जुन सिंह कुर्मी, कार्य परिषद सदस्य नरेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र रघुवंशी, दिनेश नामदेव, रुपेश कुशवाह, रुचि जैन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थितों का आभार सचिव राजेश शर्मा ने माना और कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र जैन ने किया।

विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां, वरिष्ठ अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

गंजबासौदा। कार्यक्रम में अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आकाश कुर्मी, नेतराम रघुवंशी, रवींन्द्र जैन को प्रमाण पत्र भेंट किए। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव, हरीश कुमार शर्मा ,राजेश तिवारी, रामसेवक रघुवंशी, विजय कुमार माथुर, राजेश कुमार सैनी, हरगोविंद किरार, घनश्याम शर्मा, रमाशंकर सोनी और पूर्व अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह चौहान का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने विधिक साक्षरता गीत एवं नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटिका का प्रदर्शन किया। वहीं एक स्कूल के बैंड ने अतिथियों की भव्य अगवानी की जिनकी सभी ने खूब सराहना की।

शिक्षक सम्मान कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य संदीप रावत,वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत और केशव लाहौरी द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को तिलक लगाकर और कलम भेंट कर सम्मान किया। शिक्षकों ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और शिक्षकों की बढ़ती जिम्मेदारियों पर चर्चा की। विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने किया।

कोचिंग क्लासेस में मनाया गया शिक्षक दिवस



गंजबासौदा। नगर के मील रोड स्थित RBDC कोचिंग क्लासेस में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में कोचिंग की संचालक रिया, ऋतिक, मयंक, सुजल, शुभांक, पवन, आयुषी एवं स्नेहा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति विशेष उत्साह और सम्मान देखने को मिला। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के स्नेह एवं सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच स्नेह, सम्मान एवं मार्गदर्शन के रिश्ते को और मजबूत करने वाला रहा।

दिन भर जारी रही बारिश, नदियों में आया उफान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



इलाके में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। जिसके चलते विगत चार दिनों से लगातार रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है। हांलाकि तेज बारिश न होने से जलभराव की समस्या नहीं आ रही है, लेकिन लगातार एक सा मौसम बना रहने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी खडी होने लगी हैं और लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। वहीं बारिश के विदाई के समय हो रही अच्छी बारिश से नदी नालों सहित जलाशयों का जलस्तर बढने लगा है और भूमिगत जलस्तर भी में सुधार हो रहा है। वहीं कुछ नदियों में तो उफान भी आ गया है।

गत दिवस दिन भर चली बारिश के बाद रात में भी अच्छी बारिश हुई। जिससे सुबह नगर में 18.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिसे मिलाकर अभी तक इलाके में 831 मिमी पानी बरस चुका है।

उधर शनिवार को भी दिन भर लगातार बारिश होती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश से किसानों और विशेषकर धान उत्पादकों को काफी राहत मिली है। दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश के चलते डिडौली, मुरादपुर होकर जाने वाले मार्ग पर आकाडोडा के पास केवटन नदी उफान पर आ गई। नदी का पानी उसकी पुलिया से करीब 3 फिट ऊपर होकर बहने लगा। जिससे ग्रामीणों लंबा चक्कर काटकर अपने ग्रामों तक पहुंचना पड़ा।

सेवा केन्द्र पर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया



गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक परंपरा को निभाने का दिन भर नहीं है, बल्कि यह पर्व सम्पूर्ण मानव समाज को किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की कर्मयोग की शिक्षा देने वाला ऐतिहासिक पर्व है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र अन्याय, अत्याचार, अधर्म, असत्य और आसुरी प्रवृत्तियों का अंत कर सत्य, सदाचार, भ्रातृत्वभाव, अहिंसा एवं आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण तथा भौतिक सम्पन्नता से सशक्त सभ्य और सामंजस्यपूर्ण समाज की स्थापना के लिए प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व अनेक दिव्य गुणों, मूल्यों और सद्विवेक का सजीव स्वरूप है। गीता का ज्ञान आज के तनाव, चिंता, भय, वैरभाव, मानसिक द्वंद्व और अशांति से भरे युग में मनुष्य को शांति, निर्भयता, एवं सदाचारी जीवन पद्धति प्रदान करता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का वास्तविक संदेश है मन में दिव्यता जागृत करना और जीवन में पवित्रता एवं सत्यनिष्ठा का संकल्प लेना।

शिक्षकों का किया गया सम्मान, अतिथियों ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

संस्थाओं में उत्साह के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं एवं महाविद्यालयों में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं सम्मानात्मक गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरके चौगांवकर पूर्व प्राचार्य एवं प्रोफेसर तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसपी सिंह जादौन पूर्व प्राचार्य एवं जय नारायण मेहता पूर्व प्राचार्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व एवं गुरु-शिष्य परंपरा के संबंध में प्रेरणादायी विचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर छात्र संघ द्वारा सभी अतिथियों एवं शिक्षकगण का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। छात्र संघ के सदस्यों ने अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को प्राचार्य प्रदीप चौरसिया ने भी संबोधित किया।

समारोह में शिल्पांजना शर्मा, समीक्षा जैन, भावना अग्रवाल, प्रीति चतुर्वेदी, साधना दीक्षित, नीतू शर्मा, वंदना मिश्रा, ईशा रानी, सचिन खापरे, आलोक नायक, योगेश चौरसिया, लखमीचंद साहू, अश्विनी मिश्रा, मनीष कुमार जाटव, कृष्णकांत मिश्रा, विजय कुमार शर्मा, स्वतंत्र जैन, बृजेश सूत्रकार, अनिल कुमार दुबे, कीर्ति उपाध्याय, कविता द्विवेदी, विनीता भदोरिया, सोनाली शर्मा, शोनल सिंह, कंचन शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सभी गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मोहनी राय, राधिका राजपूत ने किया गया। वहीं शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1888 में डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी के तिरुत्तनी में हुआ था। वह भारतीय दर्शन के प्रख्यात विद्वान शिक्षा विद् राजनेता थे। भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति बने। शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी नवाजा गया। 1962 में डॉ राधाकृष्णन का जन्म दिवस 5 सितंबर को पहली बार भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया था। तब से हर वर्ष उनका जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

चेतना सेवा समिति पर प्रतिदिन आ रहे 50 मरीज



गंजबासौदा। चेतना सेवा समिति पर प्रतिदिन 50 मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। कार्यालय पर सेवाभावी डॉक्टरों द्वारा मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाता है। लॉक डाउन की वजह से चेतना सेवा समिति पर जो सेवाएं बंद थी चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन के निर्देशन में 10 अगस्त से पुनः आरंभ की गईं हैं। अभी तक लगभग 25 दिन में 600 मरीजों की ओपीडी कर उनकी निशुल्क जांच कर निशुल्क दवाइयां समिति द्वारा प्रदान की गई है। समिति के सदस्य प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9:30 तक सेंटर पर पहुंचकर रोगियों की सेवा में जुट रहे हैं। सेवा भावी डॉ. के के तिवारी, डॉक्टर विक्रम रघुवंशी, डॉक्टर एस एस भार्गव, सृष्टि भार्गव, डॉ. राकेश सिंघई, डॉ. राज बाबू शर्मा, डॉ. ज्ञानेंद्र तोमर, डॉक्टर आर सी शर्मा, अन्य चिकित्सकों के साथ 6 दिन और सहयोगी सेवाभावी मेहरबान सिंह राजपूत, अशोक अग्रवाल मंकूजी, अर्जुन लाल पांचाल, सुरेंद्र भारद्वाज, गंगाराम शर्मा सहित अन्य सदस्य अपनी सक्रिय सेवाएं दे रहे हैं। वहीं चेतना सेवा समिति का प्रकल्प डायलिसिस सेंटर जो लगभग अपने 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है वहां पर भी अन्य शहरों की अपेक्षा बहुत नॉमिनल चार्ज पर मरीजों का डायलिसिस किया जाता है और आयुष्मान कार्ड पर डायलिसिस निशुल्क किया जाता है,। अभी तक मरीजों के लगभग 8000 डायलिसिस हो चुके हैं। डायलिसिस सेंटर पर शरद बाबू सूर्यवंशी, मुकेश मेथिल, छाया भट्ट, गोलू भाई अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बढ़ रहे मरीज, अस्पताल में लगी कतारें



गंजबासौदा। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। कभी तेज धूप तो कभी रिमझिम बारिश से तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शनिवार को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों सबसे अधिक मरीज वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, खांसी और उल्टी-दस्त के आ रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण का असर अधिक देखा जा रहा है।बारिश के बाद घरों के आसपास जलभराव, गंदगी और मच्छरों की बढ़ती संख्या भी बीमारियों की बड़ी वजह बन रही है। जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम में खान-पान और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त के मामले बढ़े हैं। लोगों को पानी उबालकर पीने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। लोगों से अपील की है कि सर्दी-जुकाम या बुखार को हल्के में न लें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

शोभित त्रिपाठी को 9 सितंबर तक ईडी कस्टडी, 5,923 संदिग्ध प्रकरणों की जांच

विवाह सहायता योजना में 30 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में तत्कालीन सीईओ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विवाह सहायता योजना में करीब 30 करोड़ रुपए के कथित फर्जीवाड़े और सरकारी राशि के दुरुपयोग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सिरोंज जनपद पंचायत के तत्कालीन एवं निलंबित सीईओ शोभित त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें भोपाल की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने 9 सितंबर तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। कार्रवाई के बाद पूरे सिरोंज क्षेत्र में यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।



ईडी की जांच के मुताबिक, सिरोंज जनपद पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2019 से 2021 के बीच विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 5,923 संदिग्ध प्रकरणों में नियमों के विपरीत सरकारी राशि स्वीकृत एवं वितरित किए जाने के आरोप हैं। प्रत्येक हितग्राही को 51 हजार रुपए की सहायता के हिसाब से करीब 30 करोड़ 18 लाख 39 हजार रुपए का भुगतान किया गया। अब जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी सरकारी राशि किन-किन खातों में पहुंची, राशि किसने निकाली और कथित अनियमितताओं में अन्य कौन-कौन लोग शामिल थे।

आवेदन नहीं करने वालों के नाम पर भी भुगतान का आरोप

जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आने की बात कही गई है, जिनमें कथित तौर पर हितग्राहियों ने विवाह सहायता के लिए आवेदन ही नहीं किया था। कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। जांच में एक ऐसा मामला भी सामने आया, जिसमें 27 वर्षीय युवक की तीन बेटियों की शादी के नाम पर 51-51 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर निकालने का आरोप है। इन मामलों ने पूरी योजना की कार्यप्रणाली और उस समय की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लॉकडाउन के दौरान भुगतान भी जांच के घेरे में

जांच एजेंसी के अनुसार कोरोना संक्रमण के दौरान लगे लॉकडाउन के समय भी कई संदिग्ध भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। योजना के नियमों, दस्तावेजों और पात्रता संबंधी प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर भी जांच की जा रही है। ईडी अब पूरे मामले में सरकारी राशि के अंतिम उपयोग और उससे जुड़े वित्तीय लेनदेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

ईओडब्ल्यू की एफआईआर से शुरू हुई जांच

मामले की शुरुआत भोपाल आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की एफआईआर से हुई थी। तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ शोभित त्रिपाठी सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। इससे पहले भी ईओडब्ल्यू द्वारा वर्ष 2020 में शोभित त्रिपाठी की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वह करीब डेढ़ वर्ष तक जेल में रहे थे। मामले में अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। यह विवाह सहायता योजना में कथित अनियमितताओं का मामला विधानसभा में भी उठ चुका है। तत्कालीन भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मामला उठाया था। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने संबंधित विभाग के तत्कालीन मंत्री को जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर शोभित त्रिपाठी को निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई थी।

सोशल मीडिया पर दिनभर होती रही चर्चा

ईडी ने इस मामले की जांच के दौरान 3 अक्टूबर 2025 को संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान जांच एजेंसी द्वारा दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए जाने की बात सामने आई थी। अब गिरफ्तारी के बाद जांच का दायरा और बढ़ने की संभावना है। शोभित त्रिपाठी की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद शनिवार को सिरोंज में सोशल मीडिया पर भी दिनभर तरह-तरह की पोस्ट और चर्चाएं होती रहीं। लोग मामले से जुड़े पुराने घटनाक्रम को साझा करते नजर आए। हालांकि, अब सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि 30 करोड़ रुपए से अधिक की कथित अनियमितता में यदि अन्य लोग भी शामिल हैं तो उन पर कब और क्या कार्रवाई होगी। विवाह सहायता जैसी योजनाएं गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से संचालित की जाती हैं। ऐसे में यदि सरकारी राशि में वास्तव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है तो यह बेहद गंभीर मामला है। अब निगाहें ईडी की आगे की जांच और उसमें सामने आने वाले अन्य नामों पर टिकी हैं।

जमीनी विवाद में मारपीट मामले में फरार था आरोपी

दीपनाखेड़ा पुलिस ने आरोपी को अशोकनगर से दबोचा



सिरोंज। फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने जमीनी विवाद में गाली-गलौज एवं गंभीर रूप से चोटिल करने के मामले में 02 माह से अधिक समय से फरार आरोपी को अशोकनगर जिले से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया।

मिली जानकारी अनुसार 26 जून 2026 को ग्राम सांकला टपरा में जमीनी विवाद को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज एवं गंभीर रूप से चोटिल करने की घटना की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। वहीं प्रकरण में आरोपी राजेश प्रजापति पिता काशीराम प्रजापति, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम दीपनाखेड़ा घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश एवं पतारसी के प्रयास किए जा रहे थे। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने तकनीकी संसाधनों एवं विश्वसनीय स्थानीय मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश तेज की। लगातार किए गए प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आरोपी राजेश प्रजापति को 4 सितंबर 2026 को अशोकनगर जिले से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया। इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पवार, प्र.आर. दीपक सेंगर, प्र.आर. दयाराम अहिरवार एवं आर. अमित खेवरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम राइज विद्यालय में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

सिरोंज। शासकीय सीएम राइज विद्यालय में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा का स्वरूप धारण किया, जिससे विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।



इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक राधा-कृष्ण की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी लीलाओं पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। बच्चों ने नृत्य, गीत एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण के जन्म और उनके बाल स्वरूप की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों तथा कर्म और धर्म के महत्व के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, कर्तव्य, प्रेम, मित्रता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

सिरोंज। सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल सियलपुर पथरिया में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक एवं प्राचार्य द्वारा उपस्थित अतिथियों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं



कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता होता है। शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार एवं मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान एवं आदर का भाव रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल कस्बा ताल के संकुल प्राचार्य जगदीश साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक विजय कुमार लाहोरी, देशराज खान, जन शिक्षक भगत सिंह रघुवंशी, माध्यमिक शिक्षक निर्भय सिंह रघुवंशी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय प्राचार्य नीलेश प्रजापति द्वारा किया गया। अंत में इंसाफ खान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

नदी नालों में आया उफान, सड़कों पर फैली कीचड़

लगातार चार दिनों से नगर-शहर संपूर्ण क्षेत्र में हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले चार-पांच दिनों से नगर शहर संपूर्ण क्षेत्र में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश से तापमान में भारी गिरावट और दिन में जोरदार ठंड रहने से पंखे तक बंद करने की स्थिति बन रही है। बिना रुके 36 घंटे से अधिक समय हुई बारिश के असर से क्षेत्र के नदी नालों में पानी उफान मारने के साथ जल स्तर बढ़ रहा है। धान की क्यारियो में लबालब पानी हो जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। औसत बारिश से अभी भी लगभग आधी बारिश हुई है।

नर्मदा मैया के साथ क्षेत्र की प्रमुख नदी तेदोनी 51 घोगरा और वारना नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के छोटे बड़े नाले भी पानी से लबालब होने के साथ निचले स्तरों में नदी नाली नालों का पानी फैलने लगा है चार-पांच दिनों में दिन-रात हुई बारिश से और आसमान में लगभग एक सप्ताह से घने बादलों का डेरा बना रहने से सूर्य नारायण के दर्शन श्रद्धालुओं को नहीं हो पा रहे हैं।



धान की खेती को लाभ

मघा नक्षत्र चल रहा है। अगस्त माह के आखिरी दिनों और सितंबर के पहले सप्ताह में जिस प्रकार कभी तेज और कभी रिमझिम लगातार बारिश हो रही है उससे धान की खेती को भारी लाभ हुआ है। किसानों को बिजली की झंझट परेशानियों से मुक्ति मिल गई है। बारिश के असर से धान की फसले भी उम्दा स्थिति में पहुंच गई है।

नन्हे-मुन्ने बालक श्रीकृष्ण बनकर स्कूलों में पहुंचे

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर स्कूलों में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव स्कूलों में उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बालक बालिकाएं सुंदर सलोने श्री कृष्ण का रूप धारण कर स्कूलों में आए। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, गुरुकुल स्कूल, डैफोडिल पब्लिक स्कूल, बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में श्री कृष्ण जन्म उत्सव की धूम मची रही। स्कूलों में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर झांकी सजाने के साथ नृत्य गीत के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं की सहभागिता रही। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में छात्रों की टीमों द्वारा बारिश के बीच दही हांडी तोड़ने और प्रथम आने की होड़ लगी रही।



नजर आए बाल श्री कृष्ण कन्हैया

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में जहां नजर डालें मनमोहक रूप धारण कर आए नन्हे मुन्ने बाल श्री कृष्ण कन्हैया नजर आते रहे। स्कूलों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी और भगवान श्री कृष्ण के अवतार उनकी बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन कर छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारियां भी दी गई।

दो दिन चली मटकी फोड़ प्रतियोगिता

रिमझिम बारिश के बीच प्राचीन श्रीजी मंदिर में मनाया कृष्ण कन्हैया का जन्म उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शुक्रवार को नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में युगदृष्टा कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का भारी उत्साह के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर में अर्ध रात्रि में कृष्ण कन्हैया की मनमोहक छवि बाल रूप के दर्शन करने सैकड़ो नर नारियों की रिमझिम बारिश के बीच उपस्थित रही। श्री जी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन कीर्तन और नृत्य के कार्यक्रमों की झड़ी लगी रही। राधा कृष्ण का विशेष श्रंगार कर फूलों पत्तों से विशेष झांकी सजाई गई। दूसरे दिन शनिवार को भी प्रातः से कृष्ण कन्हैया के दर्शन करने माखन मिश्री का भोग लगाने श्री कृष्ण के भक्तों की भीड़ लगी रही। इसी के साथ जन्मोत्सव की बधाई गीतों की धूम रही। नगर के बाडा बाजार में दो दिनों तक 15000 रुपए की इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। जिसकी शुरुआत पहले दिन नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने की तो दूसरे दिन शनिवार को क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने प्रतियोगिता की शुरुआत की और प्रथम पुरस्कार राशि 15000 रुपए उनकी ओर से प्रदान किए गए। दोपहर में बारिश के बीच इनामी दहीहांडी फोड़ने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईगल क्लब बारना कॉलोनी को 25000 की राशि, बाल गोपाल मंडल धोखेड़ा को 5000 की राशि रविदास समिति होली चौक को 5000 की राशि नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता के आयोजन में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेली अन्य पदाधिकारीयो की सक्रियता और बारिश के बीच दर्शकों की भारी उपस्थिति रही।

राज्य मंत्री पटेल ने एक करोड़ की घोषणा की, समिति ने जताया आभार

संकट मोचन मंदिर का अब होगा लाल पत्थरों से नव निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

विश्राम गृह में प्रवेश के पूर्व संकट मोचन हनुमान मंदिर है। लगभग 65 वर्षों पूर्व हनुमान जी की छोटी सी मड़िया में स्थापना कर पूजन आरती प्रारंभ हुई। सन 1980 में शिवलिंग की स्थापना पूजन प्रारंभ हुई तो वर्ष 1984 में मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई थी हनुमान जी के बगल में मां दुर्गा और भगवान शंकर के दर्शन प्रार्थना और आरती में प्रातः काल से श्रद्धालियों का आना शुरू हो जाता है।

6 दशक पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना क्षेत्र के विधायक और राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल ने चुनाव जीतने के बाद बनाई राज्य मंत्री पटेल ने स्वयं आगे जाकर मंदिर के जीर्णोद्धार के स्थान पर लाल पत्थरों से दिव्य भव्य मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ की राशि दिए जाने की घोषणा से आदर्श नवदुर्गा हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी सदस्यों में भारी हर्ष उत्साह



बना हुआ है। समिति के सदस्यों द्वारा संस्थापक सदस्य शिवाजी पटेल एवं उनके पुत्र विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल का स्वागत सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। राज्य मंत्री पटेल का बचपन से ही संकट मोचन हनुमान मंदिर से जुड़ाव लगाव बना हुआ है चुनाव के दौरान भी राज्य मंत्री पटेल दंडवत प्रणाम करते हुए सबसे पहले संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचे थे।

लाल पत्थरों से भव्य दिव्य मंदिर का होगा निर्माण

विधायक और राज्य मंत्री बनने के बाद नरेंद्र पटेल की संकट मोचन हनुमान मंदिर जिर्णोद्धार और कुछ करने की प्रबल इच्छा थी। मंदिर पुराना है और नगर के हृदय स्थल पर स्थित है। संकट मोचन मंदिर को राजस्थान के लाल पत्थरों से निर्माण और धर्मशाला निर्माण के लिए एक करोड़ की राशि देने की घोषणा की गई। वर्तमान में मंदिर परिसर में लगभग साढे चार वर्षो से अखंड रामायण पाठ और नर्मदा परिक्रमा वासियों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था चल रही है।

मंदिर के सारथी

संकट मोचन हनुमान मंदिर की व्यवस्था विभिन्न निर्माण कार्यों में स्वर्गीय हाकम सिंह रघुवंशी, शिवाजी पटेल, शेर सिंह रघुवंशी, अवध नारायण जी पालीवाल, स्वर्गीय मूलचंद पोरिया, स्वर्गीय गोविंद सिंह रघुवंशी, स्वर्गीय रामनिवास बिदुआ ,स्वर्गीय मुन्नीलाल तिवारी, बाबूलाल चौधरी, सरदार सिंह ठाकुर ,रामदयाल रघुवंशी, स्वर्गीय शिवनारायण शर्मा मूर्तिकार, अरविंद राय और हिंदू उत्सव समिति के पूर्व सभी अध्यक्ष मंदिर की विभिन्न व्यवस्था और निर्माण कार्यों में सक्रियता पूर्वक सारथी बने रहे और बनी दुकानों से मिलने वाला किराया आय का मुख्य स्त्रोत बना हुआ है।

कार्यालय विपणन सहकारी संस्था मर्या. लटेरी
जिला विदिशा म.प्र.

पंजीयन क्रमांक ए.आर./ व्ही.डी.एस./528/09.08.1995
क्रमांक / विपणन/आमसभा/2026/28 लटेरी दिनांक 02.09.2026

:: 31 वी वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना ::

विपणन सहकारी संस्था मर्या. लटेरी के समस्त सदस्य प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 18.09.2026 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान संस्था कार्यालय भवन लटेरी में आयोजित की गई है कृपया नियत दिनांक को निर्धारित स्थान एवं समय पर साधारण आमसभा में उपस्थित होने का कष्ट करें। नोटः-गणपूर्ती (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात् होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। बैठक में आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्य प्रतिनिधिगणों को साधारण आमसभा का विस्तृत एजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

(धर्मेन्द्र कुमार शर्मा)
प्रबंधक, विपणन सहकारी संस्था मर्या.
लटेरी जिला विदिशा म.प्र.

(अरविंद रघुवंशी)
प्रशासक, विपणन सहकारी संस्था मर्या.
लटेरी जिला विदिशा म.प्र.

गांधी प्रतिमा के सामने सामूहिक भजन, सरकार से फैसला वापस लेने की मांग

टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने मनाया काला

शिक्षक दिवस पर सम्मान नहीं, काली पट्टी और काले कपड़ों में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शिक्षक दिवस पर शनिवार को जहां स्कूलों में शिक्षकों के सम्मान और कार्यक्रमों की परंपरा रही है, वहीं रायसेन में शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने इस दिन को विरोध के काले दिन के रूप में मनाया। सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में जिलेभर के शिक्षक-शिक्षिकाएं काले कपड़े पहनकर महामाया चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने एकत्रित हुए। रिमझिम बारिश के बीच शिक्षकों ने शासन के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सामूहिक रूप से रघुपति राघव राजारा का भजन गाकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने काली पट्टी, काला गमछा और काली साड़ी धारण कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान शासन तेरी तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए। शिक्षकों का कहना था कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से इस प्रावधान को वापस लेने की मांग की।



गांधी प्रतिमा के सामने एकजुट हुए शिक्षक

शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला रायसेन के आह्वान पर शिक्षक-शिक्षिकाएं सुबह महामाया चौक पहुंचे। जहां गांधी प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर उन्होंने टीईटी परीक्षा संबंधी शासन की व्यवस्था के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन से पहले और बाद में शिक्षकों ने सामूहिक भजन भी किया। इसके बाद शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों के लिए रवाना हुए।

शिक्षक दिवस पर स्कूलों में नहीं हुए आयोजन

इस बार शहर के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में शिक्षक दिवस के आयोजन नहीं हो सके। छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के सम्मान के कार्यक्रम भी नहीं हुए। इसके पीछे एक कारण कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा जारी अवकाश आदेश भी रहा। आदेश में शिक्षक दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और रविवार का अवकाश घोषित किया गया था। यह आदेश गुरुवार शाम को जारी हुआ था। ऐसे में शनिवार को स्कूलों में शिक्षक दिवस के आयोजन नहीं हो सके।

बारिश के बीच नारेबाजी काले कपड़ों में दिखा आक्रोश

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं काले कपड़ों में नजर आए। रिमझिम बारिश के बावजूद वे गांधी प्रतिमा के सामने डटे रहे। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक दिवस उनके लिए सम्मान और गौरव का दिन है। लेकिन इस बार सेवारत शिक्षकों पर परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में इसे काला दिवस मनाना पड़ा। उन्होंने शासन से मांग की कि लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के संबंध में इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। इस अवसर पर शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, सीताराम रायकवार, राजकुमार खत्री, हरिराम विश्वकर्मा, अजय सिंह बघेल,राजकुमार खत्री राकेश अहिरवार, प्रमोद दुबे,राजेश मीणा, अभिषेक अग्निहोत्री, कैलाश मेहरा,राजेश मालवीय मनीष नामदेव मनोज शाक्य,पुष्पा प्रजापति, राम देवी मालवीय,प्रभा कन्नौजिया, रानी देवी तामरे, प्रभा कन्नौजे,अरविंद कटियार, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित हुए।

शिक्षकों द्वारा गांधीवादी तरीके से सामूहिक भजन से दिया संदेश

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने सामूहिक रूप से ह्यरघुपति राघव राजारामह्न का भजन गाया। गांधी प्रतिमा के सामने हुए इस सामूहिक भजन के माध्यम से शिक्षकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने शासन के फैसले के खिलाफ नारे लगाए और अपनी मांग दोहराई।

फैसला वापस लेने की मांग

शिक्षकों का कहना था कि वे लंबे समय से विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने का प्रावधान उनके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस व्यवस्था को वापस लिया जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने अपनी एकजुटता दिखाई और कहा कि मांग पूरी होने तक वे विरोध जारी रखेंगे।

ग्रामीणों ने की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

पुराने स्कूल भवन को बिना अनुमति तुड़वाया, बाउंड्रीवाल में लगाई सामग्री



जांच में प्राचार्य दोषी, आयुक्त कार्यालय भेजा प्रतिवेदन, अब विभागीय कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम साईंखेड़ा स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में पुराने स्कूल भवन को बिना सक्षम अनुमति तुड़वाने और उसकी सामग्री का उपयोग नए स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण में किए जाने के मामले में प्रशासनिक जांच पड़ताल पूरी हो गई है। जांच में स्कूल की प्राचार्य हेमलता दास को अनियमितता का दोषी पाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आयुक्त कार्यालय भेज दिया है। अब आगे की विभागीय कार्रवाई आयुक्त कार्यालय से होना है।

बिना अनुमति भवन तोड़ने की शिकायत

ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि स्कूल के पुराने शासकीय भवन को बिना सक्षम अनुमति के तुड़वाया गया। इसके बाद भवन से निकली ईंटों और अन्य निर्माण सामग्री का उपयोग नए स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण में किया गया। मामले को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि स्कूल के पुराने शासकीय भवन को बिना सक्षम अनुमति के तुड़वाया गया। इसके बाद भवन से निकली ईंटों और अन्य निर्माण सामग्री का उपयोग नए स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण में किया गया। मामले को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी।

नोटिस के बाद जांच

शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने प्राचार्य हेमलता दास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसके बाद प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) विनय दीक्षित द्वारा मामले की जांच की गई। जांच में प्राचार्य को अनियमितता का दोषी पाया गया। जांच पूरी होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिवेदन अग्रिम विभागीय कार्रवाई के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त कार्यालय भेज दिया है।

आयुक्त कार्यालय के फैसले पर टिकी नजर

जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने बताया कि जांच प्रतिवेदन अग्रिम विभागीय कार्रवाई के लिए लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आयुक्त कार्यालय भेज दिया गया है। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई आयुक्त कार्यालय से होना है। जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद संबंधित प्राचार्य के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। वहीं ग्रामीणों ने दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद जताई है। जांच प्रतिवेदन उच्च स्तर पर भेजे जाने के बाद अब सभी की निगाहें आयुक्त लोक शिक्षण संचानालय भोपाल के आदेश पर साईंखेड़ा के सरकारी स्कूल में पुराने भवन को बिना अनुमति तुड़वाने का मामला अब जांच से आगे बढ़कर विभागीय कार्रवाई की दहलीज तक पहुंच गया है। जांच में प्राचार्य को दोषी पाए जाने के बाद प्रतिवेदन आयुक्त कार्यालय भेज दिया गया है। अब देखना यह है कि सरकारी भवन की सामग्री के उपयोग के इस मामले में विभाग क्या कार्रवाई करता है।



धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव


बाड़ी। श्री हरिवंश विराजमान ठाकुर श्री राधावल्लभ मंदिर बाड़ी कलां में धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। भोपाल से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक श्रीवास्तव व साथी कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराधा कृष्ण जी के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं बधाई गीत गाए गए। यह कार्यक्रम श्री कृष्ण पाथेय न्यास संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर के समस्त न्यासी गण एवं श्री राधा वल्लभ मंदिर के महंतजी, सुरेंद्र तिवारी, दिनेश नेमा, संदीप कुमार श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। भजन संध्या में बड़ी संख्या में नगर के नागरिक गण माता बहने और श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

हाईवे-18 पर 'मौत की रोशनी' बन रहीं तेज एलईडी हेडलाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर इन दिनों रात का सफर वाहन चालकों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में रिमझिम बारिश के बीच रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज सफेद एलईडी हेडलाइटें कुछ सेकंड के लिए वाहन चालकों की आंखों को चौंधिया रही हैं। इससे सड़क, मोड़, गड्ढे और सामने से आने वाले वाहनों को देख पाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने इन तेज हाई-बीम एलईडी लाइटों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर, त्रिमूर्ति चौराहा, सांची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज सफेद एलईडी लाइटें अब मौत की रोशनीह्न साबित हो रही हैं। खासकर

ग्रामीणों ने प्रशासन से उठाई सख्त कार्रवाई की मांग



क्षेत्र के सरपंच भानु उर्फ परसोत्तम लोधी, गिरजेश नायक, रामदयाल लोधी, कुंती रमेश कुमार अहिरवार और मुकेश साहू सहित ग्रामीणों ने कहा कि तेज सफेद एलईडी लाइटों से सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों, किसानों और दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। उन्होंने प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग से दीवानगंज से सांची तक हाईवे पर विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह कार्रवाई 1 दिन के लिए नहीं होना चाहिए लगातार रात के समय हाईवे पर जांच होनी चाहिए।

सिर्फ चालान नहीं, बिक्री पर भी हो निगरानी

स्थानीय पत्रकार, समाजसेवक और जागरूक नागरिकों का कहना है कि केवल वाहन चालकों के चालान करने से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। बाजार में बिक रही अत्यधिक तेज और नियमों के विपरीत इस्तेमाल की जा रही एलईडी लाइटों की बिक्री पर भी प्रभावी निगरानी जरूरी है। उनका कहना है कि हाईवे पर रात के समय सुरक्षित सफर के लिए वाहन चालकों को हाई-बीम के सही इस्तेमाल के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है।

दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। सामने से आने वाले वाहन की तेज रोशनी पड़ते ही कुछ क्षण के लिए आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है और इसी दौरान सड़क की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

कार से लेकर बाइक तक लग रही हाई-पावर एलईडी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब केवल बड़े वाहनों में ही नहीं, बल्कि कार और दोपहिया वाहनों में भी बाजार से लगवाई जाने वाली अत्यधिक तेज एलईडी लाइटों का इस्तेमाल बढ़ गया है। कई वाहन चालक हाई-बीम का लगातार उपयोग करते हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक की दृश्यता प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने ऐसी आफ्टरमार्केट लाइटों की बिक्री और इस्तेमाल पर भी निगरानी की मांग की है।

सुरक्षा का अभाव : विश्व प्रसिद्ध सतधारा बौद्ध स्तूप में अब तक नहीं लगे सीसीटीवी कैमरे

सांची से भी सुंदर बौद्ध स्थल उपेक्षा का शिकार, पर्यटन विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार और ऐतिहासिक महत्व से समृद्ध सतधारा बौद्ध स्तूप क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से यहां आने वाले पर्यटकों की जान जोखिम में बनी हुई है। रायसेन जिले के सलामतपुर क्षेत्र में स्थित इस पुरातात्विक स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जरूरी सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए हैं। शनिवार और रविवार को राजधानी भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों पर्यटक परिवार के साथ यहां पिकनिक मनाने और ऐतिहासिक स्तूपों को देखने पहुंचते हैं। इसके बावजूद पर्यटन विभाग और संबंधित प्रशासन पर्यटकों की सुरक्षा और मौलिक सुविधाओं को लेकर पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा उपायों के अभाव के चलते स्थानीय निवासियों और पर्यटकों में शासन-प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

जंगलों से घिरा हुआ है स्तूप परिसर

र्तमान में सतधारा स्तूप परिसर में करीब आधा



दर्जन कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें से कुछ स्थाई हैं और कुछ को दैनिक वेतन (डेली वेज) पर रखा गया है।उल्लेखनीय है कि सतधारा स्तूप का पूरा परिसर घने जंगल क्षेत्र से घिरा हुआ है। ऐसे में सुरक्षा घेरा मजबूत न होने और सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण यहां न केवल असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने का डर बना रहता है, बल्कि हिंसक जंगली जानवरों का खतरा भी हर समय मंडराता रहता है। इसके बावजूद पर्यटन और पुरातत्व विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

कलेक्टर के आदेश भी बेअसर फाइलों में सिमटी सोलर सीसीटीवी योजना

रायसेन जिले के तत्कालीन कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में 18 सितंबर 2024 को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में सतधारा सहित जिले के अन्य पुरातात्विक स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने और सुरक्षा के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। तत्कालीन कलेक्टर ने सांची क्षेत्र में डिस्प्ले बोर्ड लगाकर आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों की दूरी, मार्ग और जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा कर्क रेखा स्थल पर सेल्फी पॉइंट विकसित करने और सतधारा में सुरक्षा के लिहाज से सोलर एनर्जी से संचालित सीसीटीवी कैमरे लगाने पर सहमति बनी थी। पर्यटकों की मदद के लिए जगह-जगह इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों के बोर्ड लगाने के स्पष्ट आदेश दिए गए थे। हालांकि, महीनों बीत जाने के बाद भी स्तूप परिसर में न तो कोई सीसीटीवी कैमरा लगा और न ही सुरक्षा बोर्ड दिखाई देते हैं।

नहीं मिला आवेदन

सतधारा स्तूप क्षेत्र में वर्तमान में बिजली की व्यवस्था नहीं है। पुरातत्व विभाग की ओर से कभी भी लाइट कनेक्शन के लिए विद्युत वितरण कंपनी को आवेदन ही नहीं दिया गया है। यदि विभाग आवेदन करे तो नजदीकी गांव गाडरखेड़ी से महज 5 से 6 पोल लगाकर स्तूप परिसर तक आसानी से बिजली पहुंचाई जा सकती है।

मनीष श्रीवास्तव, जेई सांची-सलामतपुर

यादव समाज ने निकाला जन्माष्टमी चल समारोह

पुष्पवर्षा, लेझम नृत्य और नृत्यांगनाओं की प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को यादव समाज के तत्वावधान में नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की सुसज्जित विमान में विराजित प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। ढोलक एवं अन्य वाद्य यंत्रों की थाप पर नृत्यांगनाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दोपहर में कांठिया मंदिर परिसर में पूजा.अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक कंधों पर उठाकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। चल समारोह शिवाजी नगर, पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक, बुधवारा बाजार और शनिचरा मोहल्ला सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर प्राचीन श्रीराम मंदिर पहुंचा।

मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय नजर आया। चल समारोह में युवाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया लेझम नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वाद्य यंत्रों की थाप पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत किया। चल समारोह में यादव समाज के महिला, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। चल समारोह के कारण नगर में जन्माष्टमी पर्व की विशेष रौनक देखने को मिली। प्राचीन श्रीराम मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की आरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया और चल समारोह का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर यादव समाज अध्यक्ष दिनेश यादव ने चल समारोह में सहभागिता करने वाले समाजजनों सहित नगर एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि बीते 4 दिनो से नगर में लगातातर रुक रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। लेकिन शनिवार को दोपहर के समय चल समारोह के दौरान मौसम साफ रहा। जिससे कार्यक्रम सांनद संपन्न हुआ।

शिक्षक दिवस पर शिक्षिका से छेड़छाड़, छात्र ने बचाया

रायसेन/बेगमगंज। शिक्षक दिवस पर बेगमगंज में एक शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दीनदयाल कॉलोनी स्थित कंप्यूटर सेंटर पर सुबह करीब 9 बजे 23 वर्षीय शिक्षिका अकेली थीं। इसी दौरान एक युवक ने पीछे से अंदर घुसकर उन्हें पकड़ लिया और उससे अश्लीलता करने लगा। शिक्षिका की चीख-पुकार सुनकर सेंटर पर पढ़ने आया छात्र मौके पर पहुंचा और आरोपी के चंगुल से उन्हें छुड़ाया। विरोध करने पर आरोपी ने शिक्षिका और छात्र से मारपीट की और भाग निकला। बेगमगंज थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर करीब आधे घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसडीओपी सोनाली गुप्ता टीआई बेगमगंज राजीव उईके ने बताया कि दीनदयाल कॉलोनी के पटवा भवन में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय से संबद्ध कंप्यूटर सेंटर संचालित होता है। सेंटर का संचालन अनिल यादव और रघुराज सिंह करते हैं। शिक्षिका पिछले तीन साल से यहां कंप्यूटर पढ़ा रही हैं। सेंटर की चाबी उनके पास रहती है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे वह सेंटर खोलने पहुंची थीं। शिक्षिका ताला खोलकर गैलरी में पहुंची ही थीं कि 27 वर्षीय आकाश कुशवाहा पिता अशोक कुशवाहा, निवासी दीनदयाल कॉलोनी, पीछे से अंदर घुस गया। आरोप है कि उसने शिक्षिका को बुरी नीयत से पकड़ लिया और अश्लीलता करने लगा। अचानक हुई घटना से घबराई शिक्षिका ने बचाव के लिए शोर मचाया।

छात्र ने विरोध कर छुड़ाया आरोपी ने की मारपीट....

शोरशराबा सुनकर कंप्यूटर सेंटर पर कंप्यूटर कोर्स करने वाला 25 वर्षीय छात्र राज ठाकुर मौके पर पहुंचा। उसने आरोपी का विरोध किया और शिक्षिका को उसके चंगुल से छुड़ाया। इसी दौरान आरोपी ने शिक्षिका और छात्र के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई की है।

ढोल-नगाड़ों, डीजे और ताशों की थाप पर निकाली शोभायात्रा

गोगा नवमी पर गूंजे जयकारे, छड़ी-तीर निशान का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भादों माह की गोगा नवमी पर शनिवार को शहर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वाल्मीकि समाज समिति के तत्वावधान में आराध्यगोगादेव महाराज की पूजा-अर्चना के बाद छड़ी-तीर निशान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे ढोल-नगाड़ों और ताशों की थाप के बीच श्रद्धालु गोगादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शहर के विभिन्न इलाकों में सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने जुलूस का जगह-जगह फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया।गोगा नवमी पर निकली छड़ी-तीर निशान की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।



शोभायात्रा की शुरुआत शहर के वार्ड छह स्थित गवोईपुरा के महर्षि वाल्मीकि समाज मंदिर से हुई। यहां समाजजनों ने गोगादेव महाराज की पूजा-अर्चना और आरती की। इसके बाद छड़ी-तीर निशान को लेकर श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। धार्मिक ध्वजों और निशानों के साथ निकले जुलूस में धार्मिक भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालु रास्तेभर गोगादेव महाराज के जयकारे लगाते रहे।

फूलों से किया स्वागत

शहर के विभिन्न मार्गों से गुजर रही शोभायात्रा का सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। भारत माता चौराहे पर पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव, मनोज रानी कुशवाह राकेश मालवीय बारेलाल सूर्यवंशी मित्रमंडली द्वारा शोभायात्रा में बरसाए फूल। श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री तिलक हिंदू राहुल परमार अंशुल खत्री वगैरह ने भी फूल बरसाकर किया जोरदार स्वागत। लोगों ने छड़ी-तीर निशान पर फूल बरसाए और गोगादेव महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। शोभायात्रा में शामिल समाजजनों के अनुसार गोगा नवमी का पर्व समाज के लिए श्रद्धा और परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है।

शोभायात्रा में ये रहे शामिल

शोभायात्रा में सेवादार प्रमुख संजय चांवरिया, विजयराम लोहट एडवोकेट, पूर्व नपा सीएमओ प्रहलाद चावला,बाल किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चावला, सेवादार नरेंद्र चावला, भगवान दास लोहट एडवोकेट, प्रभात चावला, विवेक लोहट,अभिषेक चावला, विकास लोहट, रामसिंह गोहर,अनिल लोहट, दीपेश लोहट एडवोकेट सहित वाल्मीकि समाज के लोग बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।

यहां से गुजरी शोभायात्रा

गोगा नवमी के पावन अवसर पर शोभायात्रा टीपटरा बाजार न्यू मार्केट से मां भगवती माता मंदिर सांची रोड़ भारत माता चौराहे महामाया चौक, श्रीराम लीला गेट से होते हुए सागर भोपाल तिराहे से बस स्टैंड,चोपड़ा मोहल्ले से होते हुए वापस गवोईपुरा मंदिर पहुंच समाप्त हुई।